Dr S.C. Gulhane Prerna College of
Commerce, Science and Arts
Run by Prerna Sewa Mandal
Reshimbag Square, Nagpur-24
Govt Recognized and Affiliated to Rashtrasant Tukadoji Maharaj Nagpur University
NAAC (UGC) ACCREDITED INSTITUTION 'B' GRADE (CGPA-2.32)
Ph.: 2745296, 2746840 E-mail: prernacollegengp@gmail.com

प्रतिवेदन

उद्देश्य

* हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से से हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।

* हिंदी भाषा को बढ़ावा देना । और संपूर्ण विश्व को हिंदी भाषा के महत्व के प्रति जागरूक करना।

* हिंदी भाषा को समृद्धि और विकास की दिशा में बढ़ावा देने का प्रयास।

* हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना ।

* हिंदी भाषा का उपयोग पूर्ण रूप से हमारे देश में और संपूर्ण विश्व में होना चाहिए तब ही हिंदी भाषा का विकास संभव है।

* सरकारी कार्यालय में प्रयोजनमूलक हिंदी का उपयोग।

* हिंदी में रोजगार की संभावनाएं।

* नई शिक्षा नीति के अनुसार मातृभाषा को बढ़ावा दिया गया है।

हिंदी मातृभाषा के रूप में अधिक से अधिक बोली जाती है।

झलकियां

* डॉ. एस.सी. गुलहाने वाणिज्य, विज्ञान व कला महाविद्यालय में भाषा विभाग द्वारा 'विश्व हिंदी दिवस' समारोह बड़े ही धूमधाम से 10 जनवरी 2024 को मनाया गया।

* हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर सभी छात्र काफी संख्या में उपस्थित थे।

* विश्व हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में भाषा विभाग प्रमुख श्रीमती स्नेहल राखुंडे उपस्थित थी ।

* कार्यक्रम के शुभ-अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रवीण जोशी अध्यक्षता कर रहे थे। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. लीलाधर रेवतकर प्रमुख वक्ता के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

* समारोह की शुरूवात दीप प्रज्जवलन तथा मां सरस्वती की वंदना से हुई।

* 'अतिथि देवो भव' की संकल्पना को साकार करते हुए अतिथि महोदया का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया।

* मुख्य वक्तव्य के लिए अतिथि महोदय को मंच पर आमंत्रित किया गया। हिंदी भाषा के महत्व तथा उसकी उपयोगिता को समझाते हुए अनेक पक्षों पर छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए हिंदी हमारे राष्ट्र की उन्नति का आधार है यह बात छात्रों के समक्ष रखी गई।

* महाविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रवीण जोशी के अध्यक्षीय वक्तव्य से छात्र प्रभावित हुए।

* कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य का वक्तव्य सराहनीय था, जिससे छात्र प्रभावित हुए ।

* कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सुश्री नेहा समुद्रे का बड़ा योगदान था।

* हिंदी दिवस समारोह का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एकादशी जैतवार ने किया।

* भाषा विभाग के तथा सभी विभागों के शिक्षकगण समारोह में उपस्थित थे।

परिणाम

* छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न हुई।

* छात्रों में अंग्रेजी भाषा के बढ़ते चलन और हिंदी की उपेक्षा को रोकने की महत्वाकांक्षा जागृत हुई।

* हिंदी में रोजगार की संभावनाएं हैं छात्र इस बात से अवगत हुए।


* राष्ट्र का विकास हिंदी के माध्यम से हो सकता है।

* छात्र इस बात से अवगत हुए की जनमन को जोड़ने वाली भाषा हिंदी हैं।

विद्यार्थी संख्या -75




'विश्व हिंदी दिवस' समारोह के अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर लीलाधर रेवतकर[redacted]




एकादशी